उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, तृतीय तल, विभूतिखंड, गोमती नगर,
लखनऊ

संख्या- 106 /03/कम्प्यूटर अनु0(बारह)/2023-24/08-परीक्षा/2022
लखनऊः दिनांक- 12 दिसम्बर, 2024

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-08-परीक्षा/2022, सम्मिलित कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा(प्रा0अ0प0-2021)/08 के अंतर्गत लिखित परीक्षा (मुख्य) के स्कोर के आधार पर टंकण परीक्षा हेतु अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों की टंकण परीक्षा दिनांक 19-12-2024 से आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में आयोग की आवश्यक सूचना संख्या-643/12/तीन (परी0-1)/2023/खण्ड-1, दिनांक 12-11-2024 को प्रकाशित की गयी थी।

सूच्य है कि दिनांक 19-12-2024 से 29-12-2024 तक टंकण परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में जनपद लखनऊ के परीक्षा केन्द्र- Institute of Computer Science, Rajat Women's College of Education & Management Lucknow (Campus), Infront of Rajat P.G. College, New Panchvati, Kamta, Ayodhya Road, Lucknow-226028 पर आयोजित की जायेगी।

प्रश्नगत टंकण परीक्षा में प्रतिभाग करने के लिए प्रथम पाली के अभ्यर्थियों हेतु परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने का समय (रिपोर्टिंग टाइम) प्रातः 08.00 बजे व प्रवेश द्वार बंद होने का समय प्रातः 10:00 बजे तथा द्वितीय पाली के अभ्यर्थियों हेतु परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने का समय (रिपोर्टिंग टाइम) मध्याह्न 12.00 बजे व प्रवेश द्वार बंद होने का समय अपराह्न 02:00 बजे निर्धारित किया गया है।

उक्त के क्रम में टंकण परीक्षा हेतु अर्ह पाये गये समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उनके प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दिये गए हैं। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर उपलब्ध प्रवेश पत्र सम्बन्धी लिंक पर क्लिक कर वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। सम्बन्धित अभ्यर्थी प्रवेश पत्र में उल्लिखित परीक्षा केंद्र पर निर्धारित तिथि व समय पर टंकण परीक्षा हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा तिथि व पाली के अतिरिक्त अन्य कोई तिथि व समय पर टंकण परीक्षा में प्रतिभाग करने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी, परन्तु अपरिहार्य कारणवश यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा टंकण परीक्षा हेतु अन्य तिथि प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में अपना प्रत्यावेदन साक्ष्य सहित (प्रत्यावेदन के साथ संलग्न मेडिकल रिपोर्ट इत्यादि) दिनांक 29.12.2024 की सांय 05.00 बजे तक आयोग को उपलब्ध कराया जाता है तो आयोग द्वारा प्रत्यावेदन पर विचार करने के उपरांत अभ्यर्थी को आरक्षित तिथि (दिनांक 30.12.2024) प्रदान की जा सकती है परन्तु इस सम्बन्ध में आयोग का निर्णय अन्तिम होगा। आयोग द्वारा टंकण परीक्षा हेतु दिनांक 30.12.2024 को परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश बन्द होने (मध्याह्न 12.00 बजे) के पश्चात अन्य कोई आरक्षित तिथि व समय दिये जाने पर विचार नहीं किया जाएगा।

12.12.2024
परीक्षा नियंत्रक,
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।